卐 श्री सद्गुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 84 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦1 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in







## वाहन चालकों की हड़ताल से यात्री हलकान

रूद्रपुर/हल्द्वानी/कालाढुंगी (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन मामले में नया कानून पारित करने की मुखालफत तेज हो गई है। इसका कई हिस्सों में देखा जा रहा हैं। नये कानून के खिलाफ प्रदेश के समस्त रोडवेज यूनियन ने रोडवेज परिसर में इस प्रस्तावित कानून के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर बसों का चक्का जाम कर दिया। उन्होंने कहा कि यह काला कानून सभी वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब रहेगा। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं ज्ञान सिंह आदि मौजूद थे। **हल्द्वानी**–केन्द्र सरकार द्वारा हिट एण्ड रन मामले में लाये जा रहे कानून के खिलाफ आज यहां सभी यात्री वाहन चालकों द्वारा किये गये चक्का जाम हड़ताल से लोगों को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ा। प्रातः प्रतिदिन लेकिन उन्हें न तो कोई टैक्सी मिल रही थी और न ही कोई अन्य साधन। इस कानून के खिलाफ उत्तर प्रदेश की बसों के भी यहां न आने से लोगों की परेशानियां और बढ़ गई थीं। आलम यह था कि रोडवेज से लेकर रामपुर रोड में बेलबाबा



चालकों, प्राईवेट बस चालकों सहित अन्य व्यवसायिक वाहनों की आज से प्रारम्भ हुई तीन दिवसीय हड़ताल के पहले दिन यात्रियों को काफी परेशानियों से गुजरना पडा। वहीं अंडरटेकिंग रोडवेज चालक किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में सुभाष चन्द्र, अनिल कुमार, कुलंवत चन्द्र, राजीव, आदेश कुमार, कुंवर पाल, राकेश, दीप पाण्डेय, जसवीर सिंह, ब्रजलाल, अमित कुमीर, महेन्द्र, नीरज, शाहिद व शहर के आसपास नगरों में रोजगार के लिए जाने वाले हजारों लोग वाहनों की तलाश में इधर उधर भटकते रहे। रोडवेज डीपों में बसों के न होने सैकड़ों यात्री मुख्य मार्ग पर वाहनों का इंतजार करते रहे। मंदिर तक और बरेली रोड़ में लालकुंआ तक हजारों लोग वाहनों का इंतजार करते देखे गये। हड़ताल के कारण आज सैकडों नौकरीपेशा लोग काम पर जाने से वंचित रह गये। **कालाढूंगी** (शेष पृष्ठ 7 पर)

## थर्टी फर्स्ट के जश्न में भाजपा नेता ने खुद को गोली से उड़ाया

हरिद्वार(उद संवाददाता)। ज्वालापुर क्षेत्र में नए साल के जश्न के दौरान एक भाजपा नेता ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को गोली मारकर जान दे दी। भेल में संविदा कर्मी के तौर पर कार्यरत विजयंत चौधरी ने पहले दो राउंड हवाई फायरिंग की। इसके बाद खुद को गोली मार ली। पुलिस के मुताबिक, ज्वालापुर के पूर्वी नाथनगर निवासी भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष विजयंत चौधरी भेल में संविदा कर्मचारी के तौर पर कार्यरत थे। रविवार देर रात नए साल के जश्न के दौरान विजयंत चौधरी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से पहले दो राउण्ड हवाई फायरिंग की। जिसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। फायरिंग की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य विजेंद्र के पास पहुंचे तो उन्हें खून से लथपथ जमीन पर पड़ा देख होश उड़ गए। चीख पुकार मचने पर नए साल की खुशियों में डूबे मोहल्ले के लोग भी दौड़कर विजयंत के घर पहुंचे। विजयंत को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां (शेष पृष्ठ सात पर)



## गलत दवा के रिएक्शन से नवजात जुड़वा बच्चों की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गर्भवती महिला द्वारा निजी क्लीनिक से दी गई दवाई खाने के बाद जन्म लेने के कुछ देर बाद ही जुड़वा बच्चों की मौत हो गई। जबकि महिला को बचा लिया गया। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। धर्मेन्द्र पुत्र कृपाल सिंह निवासी विहार कालोनी वार्ड 25 ने बताया कि उसकी पत्नी 7 महीने की गर्भवती थी। जिसको पड़ोस में रहने वाली एक निजी क्लीनीक की संचालिका घर पर देखने आती रहती थी तथा उसको दवाईयां देकर जाती थी। वह कहती थी कि अगर कोई परेशानी हो तो जो दवाईयां दी है उसको खा लेना। धर्मेंद्र का कहना है कि 30 दिसंबर को उक्त क्लीनिक संचालिका उसकी पत्नी को कुछ दवाईयां देकर गई उसके कहने के अनुसार पत्नी ने दवाई खा ली। जिसके बाद 31 दिसंबर को उसकी पत्नी को रक्तस्राव होने लगा। जिस पर वह पत्नी को लेकर एक निजी हॉस्पिटल पहुंचा तो वहाँ डाक्टरो ने बताया कि उसकी पत्नी के पेट में जुड़वा बच्चे हैं। इमरजेन्सी नार्मल डिलीवरी करवानी होगी क्योकि रक्तस्राव ज्यादा हो रहा है। धर्मेन्द्र ने बताया कि दोनो बच्चों की डिलीवरी हुई। पैदा होते ही एक बच्चा जोकि पुत्र था उसकी मृत्यु हो गई। लगभग 4 घण्टे बाद दूसरी पुत्री की भी मृत्यु हो गई। उसकी पत्नी को डाक्टरों द्वारा मुश्किल से बचाया गया। डाक्टरों (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक की टक्कर से बाईक सवार युवक की जान गई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि जनपद नैनीताल के भीमताल क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से रूद्रपुर निवासी बाईक सवार युवक की मौत हो गई। परिजन उसे यहां



जिला चिकित्सालय लाये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम जयनगर नम्बर एक निवासी 32 वर्षीय दीपक सिंह नेगी पुत्र प्रताप सिंह नेगी बाईक संख्या यूके 06 एसी 4518 पर सवार होकर भीमताल से वापस घर को आ रहा था। मार्ग में अज्ञात ट्रक चालक ने बाईक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर काठगोदाम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया। सूचना मिलने पर परिजन भी वहां आ पहुंचे। दीपक की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे एम्स ऋषिकेश रैफर कर दिया। एम्स ले जाते समय मार्ग में दीपक की हालत तेजी से बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तुरंत यहां जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## भालू के हमले में ग्रामीण की मौत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सिडकुल से लौट रहे एक ग्रामीण पर रविवार शाम भालू ने हमला कर दिया। हमला करने के बाद भालू ग्रामीण को जंगल की ओर खींचकर ले गया और लुहूलहान हालत में छोड़ गया। लापता ग्रामीण को



ढूंते हुए पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हैं वहीं भालू के हमले को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र नगर निवासी 60 वर्षीय रविन सरदार सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को शाम की शिफ्ट में उसकी ड्यूटी थी। लेकिन वह ड्यिूटी टाईम पर फैक्ट्री नहीं पहुंच पाया जिस कारण उसकी फैक्ट्री में एंट्री नहीं हो पायी। शाम करीब साढ़े बजे वह वापस घर की और लौट रहा था। तभी अचानक रास्ते में उस पर भालू ने हमला कर दिया। भालू उसे जंगल की ओर खींचकर ले गया। इधर जब रविन घर नहीं पहुंचा तो परिवारजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रास्ते में ढूंढते हुए पहुंचे परिजनों एवं ग्रामीणों को रविन सरदार जंगल में गंभीर लहुलूहान हालत में मिला। आनन फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाने के बाद सितारगंज भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘नए साल’ में ‘धामी’ को पार करने होंगे ‘चुनौतियों के बड़े पहाड़’

### भू कानून एवं मूल निवास मसले पर राज्य वासियों का बढ़ता भावनात्मक उबाल, सर आन खड़ी हुई धामी की राजनीतिक सूझबूझ एवं प्रशासनिक कुशलता की परीक्षा की घड़ी

–अर्श–

रूद्रपुर। वैसे तो, सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने यद्यपि गुजरे साल तमाम राजनीतिक चुनौतियों का बड़ी ही सूझबूझ एवं दूरदर्शिता के साथ सामना किया है और राजनीतिक एवं प्रशासनिक कौशल के नए आयाम भी स्थापित किए हैं ,लेकिन वर्ष 2024 में कई बड़ी राजनीतिक चुनौतियां उनका कठिन इम्तिहान लेने को तैयार खड़ी है। राज्य में भू कानून एवं मूल निवास का मुद्दा आहिस्ता आहिस्ता जन आंदोलन की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है और इसका असर अब समूचे उत्तराखंड के गली–मोहल्लों तक दिख पड़ने लगा है। प्रदेशवासियों की भावनाओं से जुड़ा होने के कारण यह मुद्दा दूरगामी राजनीतिक असर डालने वाला तो है ही, साथ ही इस मसले का निदान खोजते समय इसके समग्र पहलुओं पर ,अगर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया गया तो यह राज्य में पहाड़ी और गैर पहाड़ी के विभेद एवं विवाद को बढ़ा सकता है। ऐसी स्थिति में विपक्ष दिनों दिन मुखर होते इस आंदोलन की आग की आंच में राजनीतिक रोटियां सेकने से बाज नहीं आएगा जिसका खामियाजा नुकसान अंततः भाजपा को ही भुगतना पड़ सकता है क्योंकि इस समय राज्य की सत्ता उसके हाथ में है और औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि क्रय की सीमा उसके पिछले मुख्य मंत्री त्रिवेंद्र सिंह के शासनकाल में ही बढ़ाई गई थी। इसलिए इस संवेदनशील मसले का कोई सर्व स्वीकार्य हल निकालने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री को तलवार की धार पर चलना होगा और फूंक–फूंक कर कदम रखने होंगे। हालांकि उन्होंने भू कानून एवं



मूल निवास के मुद्दे के निराकरण के लिए अपर सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर दिया है ,फिर भी इस मसले का कोई आम सहमति वाला हल निकालना सूबे के मुखिया के लिए फिलहाल एक बड़ी चुनौती है। इसके अतिरिक्त लोकसभा चुनाव एवं राज्य के स्थानीय निकाय के चुनाव भी इसी वर्ष होने हैं। इसमें दो राय नहीं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की नैया पार लगाने का पूरा दारोमदार पुष्कर सिंह धामी पर ही होगा। ऐसे में उन पर पांचों लोकसभा सीटें जीतने का दबाव रहेगा। इसीलिए चुनावी माहौल बनाने, प्रत्याशी चयन से लेकर प्रचार तक सारी जिम्मेदारियों में सीएम की भूमिका बेहद अहम होगी। कमोबेश, ऐसी ही स्थिति निकायों के चुनाव में भी रहेगी। निकाय चुनाव में भाजपा की जीत–हार को उत्तराखंड सरकार की लोकप्रियता और उसके कामकाज से जोड़कर देखा जाएगा। स्पष्ट है कि इन चुनावों में भी सीएम धामी कोअहम किरदार में रहना होगा और हर हाल में भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी होगी। चुनावी चुनौती पार करने के साथ–साथ ही मुख्यमंत्री को राज्य आंदोलनकारियों के आरक्षण के मसले के हल एवं लोकायुक्त की नियुक्ति तथा यूनिफॉर्म सिविल कोड को अमली जामा पहने की कवायद भी इसी साल करनी होगी। यद्यपि राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का विधेयक धामी सरकार विधानसभा के पटल पर रख चुकी है,लेकिन संशोधन के लिए विधेयक प्रवर समिति को भेजना पड़ा है और क्योंकि प्रवर समिति अपनी रिपोर्ट (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में कृषि और औद्यानिकी के लिए जमीन खरीदने पर लगाई रोक

## नये साल पर सीएम धामी का बड़ा एक्शनः सशक्त भू कानून के लिए बनाई गई कमेटी द्वारा बड़े पैमाने पर जन सुनवाई की जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में नया भू कानून लागू करने की मांग को लेकर जारी व्यापक जन आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ा एक्शन लिया है। बताया जा रहा है कि नर्व वर्ष 2024 से उत्तराखंड में कृषि और औद्यानिकी के लिए जिलाधिकारी की अनुमति से जमीन खरीदने पर सरकार ने आखिरकार रोक लगाने के आदेश दिये है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के अनुसार प्रदेश की भू-कानून की प्रारूप समिति अभी अपना काम कर रही, इसलिए फिलहाल यह रोक लगाई गई है। इससे पहले धामी सरकार जमीन खरीदने वालों की पृष्ठभूमि की जांच का फैसला भी ले चुकी है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में भू - कानून के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि भू-कानून के लिए बनाई गई कमेटी द्वारा बड़े पैमाने पर जन सुनवाई की जाए और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों और विशेषज्ञों की राय ली जाए। उन्होंने कहा कि भू-कानून के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था के लिए गढ़वाल और कुमाऊं कमिश्नर को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश हित और जनहित में यह निर्णय लिया गया है कि भू कानून समिति की आख्या प्रस्तुत किये जाने तक या अग्रिम आदेशों तक जिलाधिकारी प्रदेश से बाहरी व्यक्तियों को कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की अनुमति के प्रस्ताव में अंतिम निर्णय नहीं लेंगें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि समिति द्वारा विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों के सुझावों के आधार पर तेजी से ड्राफ्ट बनाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी निर्णय प्रदेश के हित में लिए जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, एडीजी श्री ए. पी अंशुमन, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर श्री विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव श्री जे.सी.



कांडपाल उपस्थित थे। उत्तराखंड में कृषि और औद्यानिकी के लिए जिलाधिकारी की अनुमति से जमीन खरीदने पर सरकार ने आखिर नए साल से रोक लगा दी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, चूंकि भू-कानून की प्रारूप समिति अभी अपना काम कर रही, इसलिए फिलहाल यह रोक लगाई गई है। इससे पहले धामी सरकार जमीन खरीदने वालों की पृष्ठभूमि की जांच का फैसला भी ले चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भू-कानून संबंधी अहम बैठक ली। बैठक में कहा, उत्तर प्रदेश जमींदारी एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 की धारा-154 में वर्ष 2004 में किए गए संशोधन के अनुसार, ऐसे व्यक्ति जो उत्तराखंड में 12 सितंबर 2003 से पूर्व अचल संपत्ति के धारक नहीं हैं, उन्हें कृषि व औद्यानिकी के मकसद से भूमि खरीदने के लिए डीएम से अनुमति लेने का प्रावधान है। वर्तमान में उत्तराखंड राज्य के लिए नया भू-कानून तैयार करने के लिए प्रारूप समिति गठित की गई है, इसलिए प्रदेश हित व जनहित में यह निर्णय लिया गया कि भू-कानून समिति की आख्या प्रस्तुत करने तक या अग्रिम आदेशों तक जिलाधिकारी राज्य से बाहर के व्यक्तियों को कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की अनुमति के प्रस्ताव में निर्णय नहीं लेंगे। राज्य में पिछले कुछ वर्षों में तेजी से कृषि भूमि खरीदने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। लगातार ये मुद्दा उठ रहा है कि कृषि भूमि को बाहरी राज्यों के लोग आकर खरीद रहे हैं। इसके लिए पूर्व में भू-कानून बनाने के लिए सुभाष कुमार की समिति बनाई गई थी। इस समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। इसी रिपोर्ट से अब प्रारूप तैयार किया जा रहा है। इसके बाद सरकार भू-कानून पर नए साल में अहम फैसला ले सकती है। पिछले साल मई माह में धामी सरकार ने कैबिनेट में ये निर्णय लिया था कि राज्य में भूमि खरीदने वाले की पहले पृष्ठभूमि और मकसद की जांच होगी। उसके बाद अनुमति दी जाएगी। तब सीएम धामी ने कहा था कि प्रदेश में जमीन बेरोक-टोक खरीदी जाती थी, लेकिन अब पूरी पृष्ठभूमि जांचने के बाद अनुमति दी जाएगी। इसके लिए अध्यादेश लाने की भी तैयारी की जा रही है।




ऋषिकेश स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में भक्तों द्वारा नववर्ष 2024 के आगमन पर पुष्प आकृति से विशेष स्वागत किया गया।

# हर्षोल्लास से किया नये वर्ष का स्वागत

देहरादून/नैनीताल/हरिद्वार(उद संवाददाता)। थर्टी फस्ट की रात्रि पुराने साल की विदायी और नए साल का बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने रविवार को जमकर जश्न मनाया। प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ लोगों ने नये वर्ष के आगमन पर अपनी खुशी का इजहार किया और मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया । वहीं होटलों और रेस्टोरेट में भी लोगों पे एक दूसरेको शुभकामनायें दकर जमकर जश्न भी मनाया। वहीं सोशल मीडिया पर भी लोगों ने अपने दोस्तों को नव वर्ष की शुभकामनायें दकर खुशी का दजहार किया। आधी रात को जैसे ही घड़ी की सुई 12 पर पहुंची, होटल, रेस्टोरेंट, सोसाइटी के साथ घरों में लोग झूम उठे। वहीं, इस मौके पर आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा। आतिशबाजी के साथ लोगों ने 2023 को अलविदा कहा और नए साल 2024 का जोरदार स्वागत किया।




देहरादून के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट और सोसाइटी में अलग-अलग थीम पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं, कवियों ने लोगों से ठहाके लगवाए तो कहीं, गायकों ने अपने गीतों की प्रस्तुति से समा बांधा। नए साल के जश्न के लिए राजपुर रोड कुछ दिन पहले ही रंग-बिरंगी रोशनी में नहाया हुआ था। किसी ने केक काटा, तो किसी ने मिठाई बांट कर नए साल का स्वागत किया। नैनीताल भी नए साल का जश्न मनाने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। दिनभर भीमताल, नौकुचियाताल, सातताल, भवाली, कैंची, मुक्तेश्वर और रामगढ़ के पर्यटन स्थलों पर भीड़ जुटी रही।

# पर्यटकों से गुलजार हुए उत्तराखंड के हिल स्टेशन

## नहीं हुई बर्फबारीः पर्यटकों के औली पहुंचने का सिलसिला जारी सैलानियों ने टिप इन टॉप से किया हिमालय की चोटियों के दीदार

देहरादून(उद संवाददाता)। इस बार दिसंबर बीतने के बावजूद अधिकांश पर्यटन स्थलों पर बर्फबारी नहीं हुई। ऐसे में पहाड़ों पर नए साल का जश्न मनाने पहुंचे पर्यटकों में मायूसी है। चमोली के औली, कर्णप्रयाग, देवाल, ग्लवादम, लोहाजंग, रुद्रप्रयाग के चोपता, उत्तरकाशी के हर्षिल, केदारकांठा, सांकरी, टिहरी के धनोल्टी, चौरंगी, गंगी और पौड़ी के लैंसडौन, खिर्सू में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच चुके हैं, जिससे सभी जगह रौनक और चहल-पहल है। नए साल का जश्न मनाने के लिए औली में 3000 से अधिक पर्यटक उमड़े हैं। रविवार शाम तक पर्यटकों के औली पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। यहां पर्यटक बोन फायर और डीजे के संगीत पर जमकर थिरकते रहे। पर्यटकों के लिए अधिकांश होटलों में पहाड़ी पकवानों की भी व्यवस्था की गई है। साल के अंतिम दिन की विदाई और नए साल के स्वागत को लेकर औली में पर्यटकों का हुजूम उमड़ा हुआ है। पर्यटक दिनभर चेयर लिफ्ट से सैर करते रहे। वहीं कुछ पर्यटक गोरसों बुग्याल भी गए। पर्यटकों ने औली से गोरसों बुग्याल तक घुड़सवारी का भी आनंद लिया। हालांकि अब वहां भी बर्फ पिघल चुकी है। रविवार को जोशीमठ और औली में सुबह तक हल्के बादल छाए हुए थे, लेकिन दिन बढ़ने के साथ ही मौसम भी साफ हो गया और बर्फबारी की सारी उम्मीदें खत्म हो गई। वहीं होटलों में भी नए साल के जश्न को लेकर खासे इंतजाम किए गए हैं। देर शाम को कैंप फायर और संगीत के साथ पर्यटक जमकर थिरकते रहे। स्थानीय होटल संचालक अजय भट्ट ने बताया कि भले ही बर्फबारी नहीं हुई है, लेकिन पर्यटकों के मनोरंजन के लिए सभी जगह पर खासे इंतजाम किए गए हैं। चेयर लिफ्ट प्रबंधक दिनेश भट्ट ने बताया कि रविवार को 1500 से अधिक पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट से औली का दीदार किया। बीते दस दिनों में 10 हजार से अधिक पर्यटक चेयर लिफ्ट का आनंद ले चुके हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए कई पर्यटक क्वांरीपास भी पहुंचे। यहां पर अभी बर्फ है, जिसके चलते यहां पहुंचे पर्यटक खासे उत्साहित रहे। यहां पर कई स्थानीय लोगों के टेंट हैं, जिनमें रात्रि विश्राम की व्यवस्था है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पहाड़ों की चोटियां बर्फविहीन हो गई हैं। वहीं, घाटियों में बहने वाले गदेरे और झरने कड़ाके की ठंड से जम चुके हैं। पूरी नीती घाटी में जगह-जगह पहाड़ों से गिरने वाले झरने बर्फ में तब्दील हो गए हैं। बदलते पर्यावरण का असर इस बार साफ दिख रहा है। नीती घाटी की जो चोटियां इन दिनों बर्फ से लकदक बनी रहती थीं, वह बर्फविहीन हो गई हैं। मौसम शुष्क होने से क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शाम होते ही यहां शीतलहर शुरू हो जाती है। जिससे यहां का तापमान माइनस 10 तक पहुंच रहा है। ऐसे में क्षेत्र में बहने वाले अधिकांश झरने व गदेरे पूरी तरह से बर्फ में तब्दील हो चुके हैं। सड़क पर बहने वाला पानी भी जगह-जगह पर जमा हुआ है। । नए साल के स्वागत के लिए लैंसडौन में अब तक 3000 से अधिक पर्यटक पहुंच गए हैं। ऐसे में लैंसडौन व इसके आसपास के क्षेत्र के होटल, होमस्टे व रिजॉर्ट फुल हो चुके हैं। मैदानी क्षेत्रों से आए पर्यटक यहां की प्राकृतिक छटा देख अभिभूत हो उठे। राजस्थान के कोटा, जयपुर, अलवर, दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, मेरठ, नोएडा, सोनीपत आदि स्थानों से पर्यटक यहां नववर्ष का जश्न मनाने के लिए पहुंचे हैं।पर्यटक बर्फबारी की आस लगाए हैं, लेकिन रविवार को लैंसडौन का मौसम साफ रहा। सुबह का तापमान आठ डिग्री के आसपास रहा। जबकि दोपहर में पारा 15 डिग्री के पार रहा। सबसे ज्यादा पर्यटकों का तांता टिप इन टॉप व भुल्ला ताल में लगा रहा। टिप इन टॉप से पर्यटकों ने बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियों के दीदार कर इस खूबसूरत नजारे को अपने कैमरे में कैद किया। देर शाम तक पर्यटकों के यहां पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। सेना के म्युजियम से सैन्य पृष्ठभूमि की जानकारियां, टिप इन टॉप से हिमालय चोटियों का दृश्य, भुल्लाताल झील में नौका विहार करना भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। होटल कारोबार से जुड़े अजय सतीजा व गोविंद लड्डा ने बताया कि फतेहपुर, बिलांसू, पालकोट, गोयूं, डेरियाखाल, लैंसडौन, जयहरीखाल, गुमखाल, हटनिया, देवीखेत, सिसल्डी, चुडंई, घांघलीखाल में सभी होटल व रिजॉर्ट बुक हो चुके हैं। कर्णप्रयाग व देवाल क्षेत्र में पहुंचे पर्यटक आसमान में टकटकी लगाकर बारिश और बर्फबारी का इंतजार में कर रहे हैं। कई पर्यटक बिना बर्फ देखे ही लौट रहे हैं, जबकि अधिकांश कड़ाके की ठंड में अभी भी बर्फबारी की उम्मीद में यहां ठहरे हुए हैं। पहाड़ी क्षेत्र में पिछले सालों तक 26 दिसंबर तक बारिश शुरू हो जाती थी, लेकिन इस साल बारिश नहीं आई, लिहाजा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी भी नहीं हुई। नए साल की पूर्व संध्या पर टिहरी झील, काणाताल, धनोल्टी सैलानियों से दिनभर गुलजार रहा। गुनगुनी धूप के बीच पर्यटकों ने टिहरी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया। नए साल के जश्न के लिए टिहरी झील किनारे बने होटल, फ्लोटिंग हट्स, टेंट हाउस, कॉटेज और होम स्टे पर्यटकों से फुल हो गए हैं। धनोल्टी, काणताल क्षेत्र में भी रौनक रही। पर्यटकों की एकाएक बढ़ती संख्या को देखते हुए होटल और बोट व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिल उठे। चंबा-धनोल्टी मार्ग पर सुबह से पुलिस टीम जगह-जगह मुस्तैद रही। जिसके ट्रैफिक सुचारू रहा, हालांकि कद्दूखाल में कुछ-कुछ देर जाम भी लगता रहा। टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण (टाडा) विपणन अधिकारी नवीन नेगी ने बताया कि रविवार को 970 लोग शाम साढ़े चार बजे तक बोटिंग कर चुके है। अन्य दिनों में यह संख्या दो सौ से लेकर तीन सौ के लगभग रहती है।







रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# नव वर्ष पर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

## नानक सागर जलाशय में नौका विहार का लुत्फ उठाया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड व शीत लहर के बावजूद भी नए साल के प्रथम दिन लोगों की आस्था कम नहीं हुई। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर श्री गुरु गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेक परिवार की सुख शांति एवं कारोबार की खुशहाली की अरदास की। श्रद्धालुओं ने पंजा साहिब के दर्शन कर सतनाम वाहेगुरु का सिमरन करते हुए पंजा साहिब की परिक्रमा की। श्रद्धालुओं ने पीपल साहिब की अखंड ज्योत के दर्शन कर देशी घी ज्योत जलाई। श्रद्धालुओं ने बाऊली साहिब, चित्र प्रदर्शनी, छेवी पातशाही गुरुद्वारा, गुरुद्वारा दूधवाला कुएं के दर्शन भी किया। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर बताया गया। धार्मिक दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी की ओर से नव वर्ष पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी। श्रद्धालुओं ने नव वर्ष पर लगने वाले मेले में जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर अमरजीत सिंह, गुरबंत सिंह सोनू, सुखवंत सिंह भुल्लर बलदेव सिंह चीमा, रणजीत सिंह राणा,रिषपाल सिंह आदि थे। श्रद्धालुओं ने धार्मिक डेरा कार सेवा में पहुंचकर गुरु का प्रसाद ग्रहण किया लंगर हॉल में गुरु अटूट लंगर बताया गया। श्रद्धालुओं न ने दूध वाले कुंआ गुरुद्वारा साहिब के दर्शन कर अपनी खुशहाली की अरदास की श्रद्धालुओं ने धार्मिक डेरा कार सेवा के बाबा तरसेम सिंह से आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर दिलबाग सिंह, शेर सिंह दारा सिंह, नरवैल सिंह संधू, मनिंदर गुलाटी, बलजीत सिंह, सतनाम सिंह आदि थे।



# अक्षत कलश यात्रा का धूमधाम से हुआ स्वागत

शक्ति फार्म (उद संवाददाता)। प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या से अक्षत कलश यात्रा शक्ति फार्म पहुंचने पर हजारों श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जय श्री राम के उद्घोष से माहौल श्री राममय हो गया। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक चंद्रशेखर एवं जिला प्रचारक जितेंद्र की अगुवाई मेंअक्षत कलश यात्रा शक्ति फार्म पहुंचने पर राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म पहुंचने पर कॉलेज मैदान में पहले से ही मौजूद हजारों राम भक्त व श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद हजारों की संख्या में श्रद्धालु युवा, महिला, पुरुष हाथों में जय श्री राम के लिखे भगवा पताका लेकर इंटर कॉलेज से अक्षत कलश यात्रा मे जय श्री राम के उद्घोष का भजन कीर्तन करते चल रहे थे ।कलश यात्रा शक्ति फार्म मुख्य बाजार, सुभाष चौक, टैगोर नगर होते हुए सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम मंदिर पहुंचा। इस दौरान नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने पुष्प वर्षा कर अक्षत कलश का अभूतपूर्व स्वागत किया। बाबा तारकनाथ धाम में भी मौजूद श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ अक्षत



कलश स्वागत किया तथा पूजा अर्चना की। जिसके उपरांत अक्षत कलश को मंदिर में स्थापित किया गया। इस अवसर पर बाबा तारकनाथ धाम में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । इस मौके पर कलश यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक चंद्रशेखर जी, जिला प्रचारक जितेंद्र जी,भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक, मयंक अग्रवाल, विजय बागला, अजय जायसवाल, जयंत मंडल, मनोज विश्वास, सुनील विश्वास, देबू मंडल ,दीपांशु रावत, जगदीश डालमिया, रवि मजूमदार ,सुमित मंडल ,राजा हालदार ,विश्वजीत हालदार, सुवीर सरकार, अशोक मण्डल, महादेव मिस्त्री आदि मौजूद थे।इधर सुरेंद्र नगर मे स्वागत व भंडारे का आयोजन करने वालो मे संजीत विश्वास, रंजीत हालदार, परेश मण्डल, गोविंद सरकार,आदि ग्रामीण थे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी योजनाओं की जानकारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद उधम सिंह नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकासखंड जसपुर एवं खटीमा की ग्राम पंचायतों-भगवंतपुर, कालियावाला, भुड़िया में आयोजित किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी लाभपरक योजनाओं के प्रचार प्रसार लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने हेतु एवं उन कमजोर लोगों तक पहुंचने जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं तथा योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों/ अधिकारीगण/ ग्रामीणों द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली गई। साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित जन समूह को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा आईईसी प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया तथा एनआरएलएम महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक गीत गायन एवं रंगारंग प्रस्तुति दी गई।ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा बहुउद्देशीय शिविर में श्रीमती मोहिनी खटीमा में श्रीमती विजयलक्ष्मी द्वारा मातृ वंदना योजना एवं श्री अमित सिंह राणा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अन्य लाभार्थियों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शौचालय से, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना मेरी प्रेरित किया गया तथा उपस्थित ग्रामीणों को पंपलेट बुकलेट का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों को अपने प्रक्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया।मुख्यमंत्री



पोखरिया प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं श्रीमती गीता धामी ग्राम पंचायत भुड़ाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम अंतर्गत उद्यान विभाग, महिला सशक्तिकरण विभाग, कृषि विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत भुड़ाई कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ से लाभान्वित होने की शिकार अनुभव को ग्रामीणों के मध्य सजा कर केंद्र सरकार में राज्य सरकार को धन्यवाद किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों को उन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाए गए । उक्त कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के उपरांत कृषि ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग, पुतला फूंका

टनकपुर (उद संवाददाता)। कार्यकर्ताओं ने चंपावत जिले में भाजपा नेता द्वारा नाबालिग के साथ किए दुष्कर्म की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। चंपावत में नाराज कार्यकर्ताओं ने भाजपा का पुतला दहन किया। जल्द आरोपी भाजपा नेता कमल रावत की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं। चंपावत जिला मुख्यालय में कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूरन कठायत के नेतृत्व महामंत्री निर्मल तड़ागी के संचालन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंपावत मोटर स्टेशन में जुलूस निकालते हुए भाजपा का पुतला फूका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा भाजपा शासन में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है भाजपा नेताओं



के द्वारा बेटियों के अस्मत से खिलवाड़ किया जा रहा है और भाजपा सरकार उन्हें बचाने में लगी हुई है मुकदमा दर्ज होने के 48 घंटे के बाद भी भाजपा नेता की गिरफ्तारी नहीं हुई है उन्होंने कहा अगर जल्द भाजपा नेता की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कांग्रेस सड़कों में उतरेगी। वही टनकपुर मे कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा सरकार का पुतला फूका ने खर्कवाल ने कहा कि चंपावत तल्लादेश भाजपा मंडल अध्यक्ष , बीडीसी सदस्य व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कमल रावत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया हैं। उसकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हिट एंड रन केस के नए प्राविधान को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए नए प्रावध



ान को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। इसके विरोध में टीपीनगर व्यापारी एसोसिएशन ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से इस प्रस्तावित कानून पर पुन: विचार करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी और महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल ने कहा कि हिट एण्ड रन केस के नए प्राविधानों ने ट्रक चालकों में भय पैदा हो गया है। कई ट्रक चालक नौकरी छोड़ कर जा चुके हैं। ऐसे में ट्रांसपोर्ट कारोबार खतरे में पड़ गया है। उनका कहना है कि जब भी कोई दुर्घटना होती है तो ड्राइवर बचने के इरादे से नहीं भागता बल्कि, बेकाबू होती भीड़ से खुद की जान बचाने के लिए भागता है। ऐसे में उस पर सजा का प्रावधान और जुर्माना लगाना ठीक नहीं है। नए कानून के तहत दुर्घटना की स्थिति में ट्रक चालक पर 7 लाख रूपए का जुर्माना और 10 साल कैद की सजा का प्राविधान किया गया है। कहा कि जिस ट्रक चालक का मासिक वेतन 18 हजार रुपए है, इस स्थिति में 7 लाख का जुर्माना कैसे भर पाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में टीपी नगर में वैसे भी ट्रक चालकों की काफी कमी है। अब नया कानून लागू होने के बाद कई चालक इस व्यवसाय को छोड़ चुके हैं। जिससे ट्रांसपोर्ट कारोबार के समक्ष समस्या खड़ी हो गई है। अगर कानून में बदलाव नहीं किया गया तो पूरा ट्रांसपोर्ट व्यापार खतरे में पड़ जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में अमन भट्ट, चंद्रशेखर पाण्डे, ललित मोहन बिष्ट, दिनेश बेलवाल, खीमानंद शर्मा, नसीम, इंद्र कुमार भूटियानी, भूपेंद्र साहनी, हाजी नफीस, रिंकू, कमल जोशी, सुरेश, इकबाल, गुड्डू, गोपाल, फखरू आदि मौजूद रहे।

# श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती पर निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती पर नगर कीर्तन का आयोजन 3 जनवरी को गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा से होगा। उक्त जानकारी देते हुए गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार ग्राम महतोष के मुख्य सेवादार स. बलकार सिंह ने बताया कि 3 जनवरी को गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में रखे गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के भोग के उपरांत 8बजे से दीवान सजाए जाएंगे जिसमें वक्ताओं द्वारा गुरु गोविंद सिंह के जीवन चरित्र और गुरबाणी के आधार पर प्रवचन किए जाएंगे। तत्पश्चात अरदास के उपरांत नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रेम नगर मोड़,बाईपास होते हुए ग्राम मुकुंदपुर,ग्राम बरीराई मुकंदपुर डेरा,गोपाल नगर चौक, सेंट मैरी,गूलरभोज रोड से मुख्य मार्ग होते हुए सायंकाल 5 बजे गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में संपन्न होगा। कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी पालकी,पंच प्यारे, गतका



पार्टी,बैंड बाजे, शब्द कीर्तनी जत्थे,खालसा फौज,सेवा करते श्रद्धालु एवं स्कूली बच्चे शामिल होंगे। उन्होंने सभी संगत से गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार महतोष में कार्यक्रम अनुसार पहुंचकर सहभागिता एवं सेवा का सौभाग्य प्राप्त करने का आह्वान किया है ।


Happy New Year
2024
आपकी आँखों में सजे है जो भी सपने,
और दिल में छुपी है जो भी अभिलाषाएं
यह नया वर्ष उन्हें सच कर जाए,
आप के लिए यही है हमारी शुभकामनायें
मोहन लाल खेड़ा
निर्वतमान पार्षद भूरारानी
रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)


HAPPY NEW YEAR
2024
समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनायें
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


रुद्रपुर प्रेस क्लब
की ओर से आप सभी को नूतन वर्ष 2024
Happy New Year की हार्दिक शुभकामनायें Happy New Year
केवल कृष्ण बत्रा
अध्यक्ष
परम सुखीजा 'पम्मी'
महामंत्री
विजय आहुजा
कोषाध्यक्ष
रुद्रपुर प्रेस क्लब,ऊधमसिंहनगर


समस्त क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2024
की हार्दिक शुभकामनायें
Happy New Year
2024
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊं मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा,उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2024
Happy New Year की हार्दिक शुभकामनायें 2024
राजेश अरोरा 'पप्पल'
मनिक अरोरा
तिलक राज अरोरा
अब आपके शहर रुद्रपुर में पहली बार अत्याधुनिक एवं फैन्सी.....
pvc wall & ceiling panels
EESHA TRADERS
SRA, E-2, Kashipur By Pass Road Opp. Police Chowk, Rudrapur


2024
Happy New Year
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल
डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834


BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director


Happy New Year
Alaska 2024
residency rudrapur
a premium residential township
सबका सपना घर हो अपना
आसान मासिक किस्तों में
प्लॉट उपलब्ध
Limited Time Offer
A.S. REALHOME DEVELOPERS PVT. LTD.
Mobile : 7055005311, 7088818888


समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशु गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता– धान थ्रेशर, गेहूं थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19,20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2024 व लोहड़ी,
मकर संक्राति एवं उत्तरायणी की
हार्दिक शुभकामनायें
रमन नारंग
सम्भावित पार्षद प्रत्याशी
मो. 8936969369


Happy New Year 2024
डा. कुलदीप रघुवंशी
व्यापार मण्डल अध्यक्ष


समस्त नगर वासियों को नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनायें
Happy New Year
नरेश घरामी
जिला मंत्री भाजपा अनुसूचित मोर्चा एवं निवर्तमान सभासद वार्ड-4


समस्त नगर वासियों को नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनायें
Happy New Year
भूपेन्द्र आर्या

# लालपुर में प्रभात फेरियां का भव्य स्वागत





लालपुर( उद संवाददाता) ।नव वर्ष के प्रथम दिवस पर लालपुर में सरदार महेंद्र सिंह गाबा, सरदार बलजीत सिंह गाबा एवम सरदार गुरमीत सिंह गाबा एवम समस्त गाबा परिवार एवं इलाका निवासी साध संगत द्वारा गुरु श्री गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन के रूप में पहुंची प्रभात फेरियां का भव्य एवम सुंदर स्वागत किया गया। नववर्ष 1 जनवरी 2024 को सुबह 5 बजे गाबा परिवार के लालपुर में गाबा परिवार के प्रतिष्ठान गुरु नानक प्रोपर्टी में साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज जी के आगमन पूर्व प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में प्रभात फेरी का स्वागत हुआ। रामेश्वरपुर गांव, लालपुर एवं रुद्रपुर गुरुद्वारा गोल मार्केट एवं मलिक कालोनी, रुद्रपुर की सभी प्रभात फेरी पहुंची। प्रभात फेरियों में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु गुरु जस की महिमा का गायन करते हुए गुरु के शब्द कीर्तन का उच्चारण कर रहे थे। उपस्थित सेवादारों ने आए हुए श्रद्धालुओं को लंगर प्रसाद का वितरण भी किया। इस दौरान भाजपा नेता सुशील गाबा, राज गगनेजा, परमजीत सिंह पम्मा, जोगेंद्र सिंह, राजकुमार मिगलानी, सुनील डांग, अजीत पाल सिंह, रघुवीर अरोड़ा, भजन सिंह, परमजीत सिंह सलूजा, वी एस गंगवार, गुरविंदर सिंह गाबा, सतबीर सिंह पदम, बाबा संता सिंह, बाबा प्रताप सिंह, गुरचरण सिंह कमरा, अमर सिंह पाहवा, अमरजीत सिंह कामरा, दलजीत गिल, अजीत सिंह, भजन सलूजा, बिट्टू सिक्का, हरवीर सिंह, भजन सिंह कुभार, नरेंद्र सिंह, नरेंद्र छाबड़ा, सुनील छाबड़ा, जितेंद्र छाबड़ा, गुरदयाल सिंह, कश्मीर सिंह, हरवीर सिंह, जसपाल सिंह, किशन लाल, जीत कौर, हरमीत कौर, दमनदीप कौर, चरणजीत कौर, अंशदीप कौर, सिमर प्रीत कौर, गुरमीत कौर, शीतल गाबा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# शैलेंद्र शर्मा बने कांग्रेस के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष



गदरपुर( उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा व संगठनात्मक कार्यों में रुचि रखने वाले कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने शैलेन्द्र शर्मा को नगर कांग्रेस कमेटी का कार्यवाहक नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष श्री गाबा ने कहा कि शैलेन्द्र शर्मा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी तथा प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा की भावना एवं कांग्रेस की गौरवशाली परम्पराओं के अनुरुप कार्य करते हुए पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को सुचारु रुप से संचालित करने तथा पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने में सहयोग करेंगे। विदित हो कि शैलेन्द्र शर्मा काफी लम्बे समय कांग्रेस पार्टी में एक सच्चे सिपाही के रुप में कार्य कर रहे है और वह इससे पूर्व कई सामाजिक संगठनों में कार्य करते हुए ग्राम प्रधान पद पर भी रह चुके है। उन्होंने अपना मनोनयन होने पर संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गयी है उसे वह पार्टी संगठन हित में कार्य करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्यरत रहेंगे। श्री शैलेन्द्र के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के युवा वर्ग में पुन: जोश उभर कर सामने आ गया है जोकि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए काफी अहम भूमिका साबित होगी।

# कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री धामी और भाजपा का पुतला

हल्द्वानी ( उद संवाददाता) ।भाजपा नेता द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा का पुतला फूंका।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र चंपावत में भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म से गुस्साए कांग्रेसियों ने नैनीताल जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री धामी का पुतला दहन कर शर्मसार करने वाली घटना की घोर निंदा करते हुवे आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल रावत की तुरंत गिरफ्तारी और नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री धामी से तुरंत इस्तीफे की मांग की। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी बहादुर सिंह बिष्ट, प्रकाश पांडे और ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के विध



नसभा क्षेत्र में भाजपा नेता द्वारा किये गए कुकृत्य ने बता दिया कि प्रदेश की बेटियां कही भी सुरक्षित नही है, सत्ता का नशा भाजपा नेताओं में इस कदर हावी है कि वे बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा भूलते हुवे बेटियों पर लगातार जुल्म करने पर आमादा है। ऐसा प्रतीत हो रहा जैसे बेटियों के साथ जुल्म के लिये भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व की मौन स्वीकृति हो। महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, प्रदेश महामंत्री शोभा बिष्ट, पार्षद नीमा भट्ट, युवक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीमांशा आर्या ने कहा कि भाजपा राज मे महिलाएं बेटियां बिल्कुल सुरक्षित नही है। भाजपा नेताओं द्वारा लगातार प्रदेश को शर्मसार करने का कुकृत्य किया जा रहा है।बेटियों पर लगातार जुल्म किया जा रहा। प्रदेश की कानून व्यवस्था भाजपा राज में पूरी तरह से चरमरा गई है। ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, महानगर महामंत्री विनोद कुमार पिन्नु, कोषाध्यक्ष कन्नू परगाई, युवक कांग्रेस प्रदेश महामंत्री हेमन्त साहू, सरदार सतनाम सिंह और संदीप भैसोड़ा ने कहा कि धामी राज मे देवभूमि दिन प्रतिदिन शर्मसार होती जा रही। मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। पुतला दहन करने वालों में अशोक जोशी, राजेंद्र बिष्ट, चंपा चिलवाल, गीता बहुगुणा, पुष्पा नेगी, कमला तिवारी, अलका आर्य, जया पाठक, प्रीति आर्या, नितिन भट्ट, गुड्डू सम्ममल, अमित रावत, कोमल जायसवाल, बबलू बिष्ट, विक्की कोटलिया, एडवोकेट अनिल कन्नौजिया, विक्रम रंधावा, सुमित कुमार, तसकीन अहमद, अर्जुन राणा, आशीष कुरई, पूरन बिष्ट, कौशलेंद्र भट्ट, ऐडवोकेट धर्मवीर, मयंक गोस्वामी ने दुष्कर्म के आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल रावत की गिरफ्तारी और नाबालिक बिटिया को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की वृदा जिलाध्यक्ष व स्नेहलाला महामंत्री बनी

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। उत्तरांचल आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला ऊधमसिंह नगर का जिला अधिवेशन सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें जनपद से सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री शेखरानन्द पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष पीसी चौवे, दीपेन्द्र भट्ट जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ ऊधमसिंह नगर व मनोहर सिंह मनराल अध्यक्ष लुकास टीवीएस मजदूर संघ पन्तनगर भी जिला अधिवेशन में



उपस्थित रहे।जिला अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी में श्रीमती वृन्दा अध्यक्ष, श्रीमती निर्मला शाह, श्रीमती संगीता चौधरी, श्रीमती करमजीत कौर, श्रीमती बीना रानी उपाध्यक्ष, श्रीमती स्नेह लता महामंत्री, भगवती गोस्वामी, सन्तोष दूबे, प्रर्मीला, मेघा शर्मा संयुक्त मंत्री, श्रीमती दुमयन्ती चूफाल कोषाध्यक्ष, कविता नैनवाल संगठन मंत्री, उर्मिला पाठक सह संगठन मंत्री, रेनू चौहान जिला संरक्षक, मूश्के फातमा, मीना रौतेला व ममता चौहान को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी का कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर चुनाव सम्पन्न कराया।

# कार्यकर्ताओं के साथ चुघ ने सुनी मोदी की मन की बात



रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने आज वार्ड नंबर 40 मटकोटा फॉर्म टीडीसी कालोनी के बूथ नंबर 161 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सभी वार्ड वासियों के साथ शामिल होकर सुनी। श्री मोदी ने अपने मन की बात सामने रखते हुए कहा कि वर्ष के अंतिम दिवस पर आज का यह 108 वां एपिसोड काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति ने 108 अंक का बहुत महत्व माना गया है। संत महापुरुषों के आगे सम्मान स्वरूप 108 लिखा जाता है। रुद्राक्ष माला में 108 मोती होते हैं। वही जरुरतमंद लोगों के लिए 108 एंबुलेंस सेवा जीवनदायक साबित होती है। श्री मोदी ने कहा वर्ष 2023 भारत वर्ष के लिए काफी सौभाग्य शाली रहा है। इस वर्ष देश के महान वैज्ञानिकों ने चंद्रमा की सतह पर सफलता पूर्वक रोवर उतारा। वही देश ने सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक तरक्की की। विश्व में मंडी के बावजूद देश की अर्थ व्यवस्था लगातार प्रगति के पाठ पर अग्रसर रही। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण भी इसी वर्ष तेजी से प्रारंभ हुआ और आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम की प्रतिमा विधि विधान से मंदिर में स्थापित की जायेगी। यह पल युगों युगों तक अविस्मरणीय रहेगा। श्री मोदी ने सभी देश वासियों से अपील की कि नए वर्ष में सभी एक जुट होकर देश व समाज के विकास में अपना पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा वह हमेशा नारी शक्ति को वंदन करते रहे हैं। श्री मोदी समस्त देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान वीरेंद्र सिंह, अभय कुमार, दिनेश जोशी, हरीश जोशी, अनिल कुमार, भगत सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह, दीपक, ठाकुर सिंह, दीवान सिंह, मोहित सिंह, भगवान दास, अखिलेश कुमार, शारदा देवी, मानी देवी, सुमन शाह, राकेश कुमार, ममता जीना, राधा देवी, माया, अजीत, जगदम्बा, ब्रजेश, अभिषेक, आयुष, कुलदीप चौहान, सुभाष, राज कोली, सन्नी पासवान व अमित गौड़ आदि मौजूद थे।




उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आतंकी संगठनों पर कानूनी शिकंजा

संयुक्त राष्ट्र या अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अक्सर खुद को पीड़ित के रूप में पेश करते हुए पाकिस्तान ने वास्तव में अपनी जमीन का कैसा इस्तेमाल किया है, यह अब किसी से छिपा नहीं है। एक ओर खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताना और दूसरी ओर कई आतंकी संगठनों को अपने ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने की अघोषित छूट देना एक तरह से उसकी फितरत में शामिल है। इसी क्रम में लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद का अलग-अलग बहानों से बचाव करना या उसे संरक्षण देना पाकिस्तान शायद अपनी 'जिम्मेदारी' समझता है। वरना क्या वजह है कि हाफिज सईद के खिलाफ अनेक सबूत मौजूद होने के बावजूद वह उसे कानून के कठघरे में खड़ा करने को लेकर आमतौर पर उदासीन दिखता है और अगर भारत की ओर से इस तरह की कोई मांग उठाई जाती है तो वह इससे बचने की ही कोशिश करता है। दरअसल, सन 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के अलावा देश के अन्य इलाकों में आतंकवाद फैलाने के अनेक मामलों में हाफिज सईद को सौंपने की मांग भारत की ओर से लगातार की जाती रही है। मगर इस पर पाकिस्तान ने कभी भी सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। अब एक बार फिर भारत ने कहा है कि हाफिज सईद की यहां आतंकी हमलों के कई मामलों में तलाश है और वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी भी है। इसलिए कई प्रासंगिक और ठोस सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार से एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए सईद को भारत को प्रत्यर्पित करने की मांग की गई है। मगर हैरानी की बात यह है कि ठोस सबूतों और दस्तावेज मौजूद होने के बावजूद पाकिस्तान या तो इस तरह की मांग की अनदेखी कर देता है या फिर इस पर बचकाने बहाने बनाने लगता है। मसलन, इस बार फिर हाफिज सईद का प्रत्यर्पण करने की भारत की वाजिब मांग पर पाकिस्तान ने एक विचित्र राग अलापा है कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण से जुड़ा कोई करार नहीं है। सवाल है कि इस तकनीकी पहलू की आड़ लेकर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिह्नित जिस आतंकी को बचाने की कोशिश कर रहा है, क्या वह विश्व समुदाय के सामने अपने इरादे का औचित्य साबित कर पाएगा? पाकिस्तान के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक घोषित आतंकवादी हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद के चुनाव लड़ने पर भी कोई रोक नहीं है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने 2022 में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसके मुताबिक भारत में लश्कर के हमलों के लिए आतंकियों को नियुक्त करना, उनके लिए धन का इंतजाम करना और हमलों की योजना बनाना तल्हा सईद की जिम्मेदारी है। मगर हाल ही में तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने को लेकर खबर आई। यह समझना मुश्किल नहीं है कि पाकिस्तान में अगर कोई कट्टरपंथी आतंकी संगठन राजनीति की मुख्यधारा में आ जाता है और उससे जुड़े लोग चुनाव लड़ते हैं तब स्थितियां और कितनी जटिल हो जाती हैं। पाकिस्तान में ऐसी हरकतों को एक रणनीति के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है। जबकि आतंकी संगठनों की मुख्यधारा की राजनीति में भागीदारी और उनकी गतिविधियों का भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ता है। इस लिहाज से देखें तो हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने की भारत की मांग का संदर्भ समझा जा सकता है। मगर हाफिज सईद को कानून के कठघरे में खड़ा करने की राह में अड़चन पैदा करना दरअसल पाकिस्तान के दोहरे चेहरे को एक बार फिर बेनकाब करता है।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में महिलाओं समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिलाओं समेत 11 लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर पूर्वांचल कॉलोनी निवासी पूजा पुत्री पदम सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 की 11 नवंबर को उसका विवाह मकान नंबर 164 सेक्टर 26 बापूधाम कॉलोनी फेस 1 चंडीगढ़ निवासी गुरु दयाल पुत्र अमर सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज से धूमधाम से हुई। पीड़िता का आरोप है कि शादी में सामर्थ्यनुसार दान दहेज देने के बावजूद उसका दांपत्य जीवन अधिक दिनों तक सुखी नहीं रह सका। आरोप है कि ससुराल वालों द्वारा पांच लाख की नगदी तथा कार के लिए विवाहिता का उत्पीड़न जो शुरू हुआ तो समय के साथ पराकाष्ठा लांघ गया। उसे भूखा रखना मारपीट आम बात हो गई। दहेज लोभियों ने कई बार विवाहिता को मौत के घाट उतारने का भी प्रयास किया। वर्ष 2022 की 25 अक्टूबर को दहेज की खातिर पति ने पत्नी को मारपीट कर उसके मायके पहुंचा दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मायके में रह रही थी इसी बीच बीते 8 अक्टूबर को पति गुरु दयाल, ससुर अमर सिंह, सास रमा, जेठ लक्ष्मण उर्फ धर्मेंद्र, जेठानी प्रभा व दो बहनोई नाम पता अज्ञात अचानक उसके घर पर आ धमके और गाली गलौज मारपीट करते हुए दहेज न देने के एवज में मौत के घाट उतारने की धमकी दी। इसी तरह दहेज उत्पीड़न के एक अन्य मामले में मोहल्ला किला काशीपुर निवासी मेसर पत्नी फैजान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसकी शादी कुछ समय पूर्व मोहल्ला खताड़ी, रामनगर जनपद नैनीताल निवासी फैजान पुत्र मोहम्मद हसन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुई। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति सट्टेबाज है। उसने उसके सारे जेवर बेच दिए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति कहता है तू कहीं भी रिपोर्ट लिखा दे कानून उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़िता का आरोप है कि बीते 5 नवंबर को भी उसके पति ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट करते हुए उसके मासूम बच्चे पर भी नाखून से झपट्टा मारा। पीड़िता का आरोप है कि समस्त स्त्रीधन सोने चांदी के जेवर आदि बेंच खाने के बाद अभी 20 हजार की और डिमांड कर रहा है। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के इस मामले को भी संजीदगी से लेते हुए ससुर मोहम्मद हसन, सास गुड्डी तथा नन्द फैजिया व गोसिया के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। दहेज उत्पीड़न के मुख्य आरोपी सट्टेबाज फैजान तथा उसके भाई का मुकदमे में कोई जिक्र नहीं है जबकि पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में स्पष्ट बताया कि उसके पति द्वारा मारपीट तथा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। देवर घर से निकालने की धमकी देता है।

आज उल्लासित फिर जग सारा है।
नई डगर है, नया सवेरा,
खुशियों से भरा नजारा है।



अभिनंदन नव वर्ष तुम्हारा है।
नव वर्ष की पावन बेला पर
चलो एक संकल्प सजाते हैं
प्रेम की अविरल धारा से जग को महकते हैं।
खुशबू का दीपक बन संसार को प्रकाशित करते हैं।
प्रेम की पावन बेला से हृदय का बैर मिटाते हैं।
नव वर्ष की नौ तरंग से धरती, गगन को सजाते हैं
प्रेम की अनुपम बेला से भारत भूमि को सजाते हैं।
अभिनंदन नव वर्ष तुम्हारा है।
उल्लासित फिर जग सारा है।
नव वर्ष की पावन बेला की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- शालिनी शर्मा**

# अनियंत्रित कार पेड़ से भिड़ी, युवक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि आदर्श कालोनी में सामने से आते वाहन चालक को बचाने के दौरान कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे पेड से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार चालक युवक गंभीर रूप से घायल हों गया जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार गणेश नगर नेकपुर बरेली निवासी 22 वर्षीय विजय पुत्र दिनेश पाल यहां प्रीत विहार में रिश्तेदारी में आया हुआथा। बताया जाता है कि गत रात्रि वह अपनी कार संख्या यूके 06 एक्स 4825 को चलाकर आदर्श कालोनी से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आते वाहन चालक को बचाने के प्रयास में विजय कार पर से नियंत्रण खो बैठा। जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में विजय को गंभीर चोटें आ गईं।



# मीना शर्मा ने कई धामों के किये दर्शन

रूदपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा नव वर्ष के आगमन से पूर्व दिल्ली अक्षरधाम मंदिर, राजस्थान मेहंदीपुर बालाजी मंदिर, भरतपुर,आगरा, मथुरा पहुंची,जहां



उन्होंने भव्य मंदिरों में दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की,आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सहित उनके परिजन उपस्थित थे। इधर श्रीमती शर्मा ने सभी प्रदेश वासियों को नूतन वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी है।

# नववर्ष पर आध्यात्मिक संकल्प लें

नववर्ष के आगमन की खुशी के समय पर हम अक्सर यह सोचते हैं कि आने वाला साल पिछले साल की अपेक्षा कैसे बेहतर हो सकता है? हम विचार करते हैं कि हमारा पिछला साल कैसा बीता? और हम आने वाले साल के लिए नया संकल्प लेते हैं। यह संकल्प हमारे स्वास्थ्य के सुधार, आर्थिक स्थिति में बेहतरी, आपसी रिश्तों में अधिक मिठास अथवा अन्य शारीरिक या मानसिक लक्ष्यों से संबंधित हो सकते हैं। नया साल हमें यह



अवसर देता है कि हम पुरानी चीजों को छोड़कर नई को अपनाएं। कई लोग अपनी बुरी आदतों को छोड़ना चाहते हैं, इसलिए वे नए साल पर उन्हें छोड़ने का और अच्छी आदतों को अपनाने का भी संकल्प लेते हैं। नए साल के इस मौके पर बहुत से लोग अपने स्वास्थ्य, रुपये-पैसे या संबंधों को बेहतर करने का भी प्रण करते हैं और नये लक्ष्य बनाते हैं लेकिन कुछ ही दिनों में वे फिर से अपनी पुरानी दिनचर्या में लौट जाते हैं। बजाय इसके कि हम बहुत से संकल्प लें और उन्हें पूरा न कर पाएं। इसलिए हमें चाहिए कि हम एक संकल्प लें और उसे अच्छी तरह से निभायें। यदि हम एक संकल्प को प्रमुख रखें तो हमारे द्वारा उसको पूरा करने की संभावना भी ज्यादा होती है। हम अपने जीवन के सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू जो कि आध्यात्मिक है, को लेकर क्या कोई संकल्प लेते हैं? अथवा कोई योजना बनाते हैं? हममें से जो आध्यात्मिक रास्ते पर चलते हैं वे न सिर्फ अपने जीवन के शारीरिक और बौद्धिक पक्ष को सुधारने में ध्यान देते हैं बल्कि अपने आध्यात्मिक पहलू पर भी उसी प्रकार ध्यान केन्द्रित करते हैं। आध्यात्मिक संकल्प सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वे हमारी अपनी आत्मा की स्थिति से संबंधित होता है। आध्यात्मिकता स्वयं को जानने और परमात्मा को पाने के मार्ग को सिखाती है। कई लोग इस पहलू को अनदेखा कर देते हैं, पर जो आध्यात्मिक मार्ग पर चलते हैं उनके लिए नववर्ष एक ऐसा समय होता है जब वे यह मूल्यांकन करें कि वे अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर कितनी दूर पहुँच गए हैं? और स्वयं यह प्रतिज्ञा करें कि वे इससे और आगे बढेंगे। इसलिए नववर्ष के अन्य संकल्पों में से हम उनको चुन सकते हैं जो कि हमारी आध्यात्मिक तरक्की में मददगार हों। यह महत्त्वपूर्ण है कि जब हम आध्यात्मिक संकल्प लेते हैं तो हम अपने शब्दों पर कायम रहें। उस समय हम किससे वायदा करते हैं। हम अपनी आत्मा अर्थात अपने आपसे और परमात्मा से वादा करते हैं। ऐसे वायदे हमें अवश्य निभाने चाहियें। इस पहलू में हमें आध्यात्मिक रूप से मजबूत होना होगा। आध्यात्मिक रास्ते पर चलने के लिए सबसे पहला कदम सदाचारी जीवन है, इसके लिए हमें अपने अंदर अहिंसा, सच्चाई, पवित्रता, नम्रता और निष्काम सेवा के गुणों को विकसित करना है। प्रभु ने जो हमें मनुष्य शरीर दिया है, जिसमें हम अपने आपको जान सकते हैं और पिता-परमेश्वर को पा सकते हैं। इसके लिए हमें केवल इतना जानना है कि प्रभु को हम अपने अंतर में ढूंढें कैसे? हम उन बच्चों की तरह हैं जिन्हें उनके माता-पिता ने बहुत से उपहार दिये परंतु उन उपहारों को खोलने के बजाय हम उनके बाहरी आवरण को ही देखते रहते हैं। उसी तरह प्रभु ने हमें मनुष्य शरीर में अनगिनत उपहार दिये हैं जिनकी ओर हम देखते ही नहीं। जितने भी सत्गुरु, संत और सूफी इस दुनिया में आए हैं, वे बार-बार यही कहते हैं कि हम अंतर्मुख होकर प्रभु को पा सकते हैं। चाहे उसे हम अंतर्मुख होना, एकाग्रता, प्रार्थना अथवा ध्यान कहें। वे सब इसी अभ्यास की ओर इशारा करते हैं कि हम अपने ध्यान को बाहर से हटाकर अंतर्मुख करें। जिसके द्वारा हम अपने अंतर में परमात्मा के दो निजी स्वरूप ज्योति और श्रुति का अनुभव करते हैं। इन दोनों पर अपने ध्यान को एकाग्र कर हम वापिस प्रभु में लीन हो सकते हैं। अपने आध्यात्मिक विकास के लिए हमें ऐसी आदतें अपनानी पड़ती हैं जो हमारी आध्यात्मिक उन्नति में मददगार हों। प्रभु अंतर में हमारा इंतजार कर रहे हैं। यदि हम अंतर में मौजूद उपहारों को खोलकर उनके भीतर देखें तो हम प्रभु को वहाँ मौजूद पाएंगे और उनसे यह मिलाप हमें दिव्य-प्रेम और परमानंद की अवस्था में ले जाएगा। तो आईये! नववर्ष के अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि अपनी आध्यात्मिक उन्नति को बेहतर करने के लिए इस वर्ष बाकायदगी से ध्यान-अभ्यास में समय देंगे ताकि हम अंतर में मौजूद प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव करें। यदि हम रोजाना पूरी एकाग्रता, विश्वास और धैर्य से ध्यान- अभ्यास करने की आदत बना लें तो हम उस आनंद और खुशी की अवस्था को अवश्य पा लेंगे जो अंतर में हमारी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

# कोलम्बस में धूमधाम से मना न्यू ईयर कार्निवाल

## दीपक कश्यप ने रैफल ड्रा में जीता लैपटॉप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में न्यू ईयर कार्निवाल वार्षिक मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मेले में विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों के लिए अनेक प्रकार के खेलों, मनोरंजन एवं खान-पान के स्टॉल लगाए। मेले का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन केसर दास खेड़ा, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा , प्रधानाचार्य मनोज कुमार, उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ-साथ प्रथम स्टाल पर फीता काट कर किया। न्यू ईयर कार्निवाल में तम्बोला की स्टॉल भीड़ का मुख्य आकर्षण रही एवं कई प्रतिभागियों ने तम्बोला में नगद पुरूस्कार जीते। स्टालों की सजावट को देख सभी लोग मंत्र-मुग्ध हो गये साथ ही तरह-तरह के खेलों का भी जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान विद्यालय द्वारा संचालित नृत्य व संगीत एकेडमी के होनहार छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से मेले में चार चाँद लगा दिए। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों को देखकर अभिभावकगणों ने उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय प्रबंधन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। न्यू ईयर कार्निवाल का मुख्य आकर्षण यहाँ का रैफल ड्रॉ था जिसे लेकर सभी विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक खूब उत्साहित थे। रैफल ड्रॉ में दस सांत्वना पुरस्कार व तीन मुख्य पुरस्कार वितरित किये गये। तीसरे मुख्य पुरस्कार के रूप में कक्षा 11 'अ' के छात्र नैतिक बर्मा ने 11840 कीमत की साईकिल जीती। दूसरा पुरस्कार सोनी होमथियेटर था। जिसे विद्यालय की शिक्षिका श्रुति भसीन ने जीता। रैफल ड्रॉ का सबसे मुख्य आकर्षण प्रथम पुरस्कार था। प्रथम पुरस्कार में दीपक कश्यप ने एचपी का लैपटॉप जीता। मेला लगभग तीन घंटे तक चला। स्कूल के प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, उपप्रधानाचार्या डॉ कामेश मित्तल व समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी।






# देशवासियों को जोड़ने और समाज सेवा से जुड़े कार्यों के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे पीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेमनगर, सुद्धोवाला में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 108वां संस्करण सुना। इस अवसर पर उन्होंने लेखक हरि सिंह बिष्ट द्वारा लिखी गई पुस्तक 'मन की बात- सकारात्मक संवाद से सशक्त भारत' का विमोचन भी किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने हमेशा देशवासियों को जोड़ने और समाज में बेहतर कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया है। विभिन्न क्षेत्रों में शोध और अनुसंधान के साथ विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देशवासियों को जोड़ने और समाज सेवा से जुड़े कार्यों के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए 100 से अधिक बार मन की बात साझा की है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का देवभूमि उत्तराखण्ड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। राज्य में सड़क, रेल, हवाई और रोपवे क नेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है।



# प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने आज वार्ड नंबर 40 मटकोटा फॉर्म टीडीसी कालोनी के बूथ नंबर 161 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सभी वार्ड वासियों के साथ शामिल होकर सुनी। श्री मोदी ने अपने मन की बात सामने रखते हुए कहा कि वर्ष के अंतिम दिवस पर आज का यह 108 वां एपिसोड काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति ने 108 अंक का बहुत महत्व माना गया है। संत महापुरुषों के आगे सम्मान स्वरूप 108 लिखा जाता है। रुद्राक्ष माला में 108 मोती होते हैं। वही जरुरतमंद लोगों के लिए 108 एंबुलेंस सेवा जीवनदायक साबित होती है। श्री मोदी ने कहा वर्ष 2023 भारत वर्ष के लिए काफी सौभाग्य शाली रहा है। इस वर्ष देश के महान वैज्ञानिकों ने चंद्रमा की सतह पर सफलता पूर्वक रोवर उतारा। वही देश ने सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक तरक्की की। विश्व में मंडी के बावजूद देश की अर्थ व्यवस्था लगातार प्रगति के पाठ पर अग्रसर रही। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण भी इसी वर्ष तेजी से प्रारंभ हुआ और आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम की प्रतिमा विधि विधान से मंदिर में स्थापित की जायेगी। यह पल युगों युगों तक अविस्मरणीय रहेगा। श्री मोदी ने सभी देश वासियों से अपील की कि नए वर्ष में सभी एक जुट होकर देश व समाज के विकास में अपना पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा वह हमेशा नारी शक्ति को वंदन करते रहे हैं। श्री मोदी समस्त देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान वीरेंद्र सिंह, अभय कुमार, दिनेश जोशी, हरीश जोशी, अनिल कुमार, भगत सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह, दीपक, ठाकुर सिंह, दीवान सिंह, मोहित सिंह, भगवान दास, अखिलेश कुमार, शारदा देवी, मानी देवी, सुमन शाह, राकेश कुमार, ममता जीना, राधा देवी, माया, अजीत, जगदम्बा, ब्रजेश, अभिषेक, आयुष, कुलदीप चौहान, सुभाष, राज कोली, सन्नी पासवान व अमित गौड़ आदि मौजूद थे।



# हादसे में घायल युवती की मौत,अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी रोड पर दो दिन पूर्व गंभीर तरीके से घटित दुर्घटना की चपेट में आकर लहूलुहान युवती की उपचार के दौरान हुई मौत मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को तहरीर देकर फौजी कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी वीरेंद्र खत्री पुत्र गोपाल खत्री ने बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन डिंपल खत्री 30 दिसंबर की शाम लगभग 6:00 बजे स्कूटी संख्या यूके 18 आर/6840 पर सवार होकर आवश्यक कार्यवश घर से काशीपुर की ओर जा रही थी इसी दौरान मार्ग में कुंडेश्वरी रोड पर गुरु नानक स्कूल के समीप विपरीत दिशा से अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से स्कूटी में टक्कर मारकर युवती को गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया। खालिद गंभीर होने पर उसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है।

# लुकास टी वी एस मजदूर संघ का धरना जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लुकास टी वी एस मजदूर संघ पन्तनगर का आज 44 वां दिन सभी संगठन सदस्यों को लेकर श्रम विभाग में धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना स्थल पर आयोजित सभा में अभी तक की संगठन की कार्यवाही पर चर्चा की और कहा कि हड़ताल का दिया गया नोटिस का समय भी समाप्त हो जाने के बाद कम्पनी प्रबन्धन व शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं गई। जिस पर संगठन द्वारा चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया है कि संगठन किसी भी समय हड़ताल पर जा सकता है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रबन्धन व शासन प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर मनोहर सिंह मनराल अध्यक्ष, हरीश चन्द्र सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश चन्द्र उपाध्यक्ष, हरीश राणा कोषाध्यक्ष, दीवान सिंह संगठन मंत्री, पंकज कुमार सिंह, हरीश चन्द्र, सुरेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, विरेन्द्र सिंह, बसन्त सिंह, प्रदीपकुमार, देवेन्द्र सिंह, नवीन सिंह, विनोद सिंह,मातवर सिंह, बलवन्त सिंह, दीपक सिंह, नन्दन सिंह बोरा, सन्तोष बलदेव कुनियाल, नरेन्द्र सिंह व धन सिंह आदि मौजूद रहे।



# भवन निर्माण कर्मकार संघ का बीएमएस में हुआ विलय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री शेखरानन्द पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष पीसी चौबे व दीपेन्द्र भट्ट जिला मंत्री के नेतृत्व में भवन निर्माण कर्मकार संघ का विलय भारतीय मजदूर संघ में हुआ। भवन निर्माण कर्मकार संघ के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनन्दन किया। भारतीय मजदूर संघ में विलय के दौरान हंस पाण्डे अध्यक्ष, श्रीमती सीमा मैहरा महामंत्री, श्रीमती इन्दू पाण्डे संरक्षक, नन्दलाल कोषाध्यक्ष, सुरेश जोशी उपाध्यक्ष, विवेक हाल्दार व सतीश संगठन सदस्य मौजूद रहे। भवन निर्माण श्रमिक कर्मकार यूनियन का गठन वर्ष 1996 में हुआ था जिसका आज भारतीय मजदूर संघ में विलय किया गया।



# लोहाघाट विधायक ने भ्रमण कर सुनी समस्याएं

पलोहाघाट (उद संवाददाता)। नव वर्ष पर लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लोहाघाट नगर का भ्रमण किया तथा लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को सुना साथ ही क्षेत्र वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। लोगों की समस्याओं को सुन विधायक अधिकारी ने समाधान का आश्वासन दिया। विधायक अधिकारी ने कहा लोहाघाट नगर की प्रमुख समस्या पेयजल की है समस्या के समाधान के लिए वे प्रयासरथ है सरयू लिफ्ट पेयजल योजना निर्माण के लिए वे मुख्यमंत्री धामी से अनुरोध करेंगे। विधायक अधिकारी ने कहा मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा नव वर्ष में उन्हें पूर्ण विश्वास है मुख्यमंत्री धामी लोहाघाट नगर वासियों को सरयु लिफ्ट पेयजल योजना का शानदार तोहफा देंगे। कांग्रेसी विधायक अधिकारी ने मुख्यमंत्री धामी के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ चंपावत जिला विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री बिना किसी भेदभाव के लोहाघाट विधानसभा का भी बराबर विकास कर रहे हैं जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। भ्रमण कार्यक्रम में कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अंकिता भंडारी के हत्यारों को मिले फांसी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय मजदूर संघ जिला उधम सिंह नगर ने रोडवेज कार्यालय में दिवंगत अंकिता भंडारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और अंकिता के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि जल्द से जल्द हत्यारों को सजा मिले और जो भी अन्य लोग इस घटना में शामिल हैं उनको भी कड़ी सजा दी जाये और सम्पूर्ण उत्तराखण्ड को रेगुलर पुलिस दायरे में किया जाये। जो गैर कानूनी तरीके से कार्य हो रहे हैं उस पर तत्काल से रोक लगाई जाए। अंकिता हत्याकांड में जो पत्रकारों को धमकियां दी जा रही है उनकी पहचान कर सजा दी जाय । जिला मंत्री दीपेंद्र भट्ट ने कहा कि अंकिता जैसे और न जाने कितनी अंकिताओं के साथ जघन्य अपराध हुआ है उसमें कहीं न कहीं संस्कारों की कमी है, इसलिये अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और अपने बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान जरूर दें, ताकि समाज मे गंदी सोच पैदा न हो सके। जिलाध्यक्ष गणेश मेहरा ने कहा कि हमारे समाज में जो पुरुष प्रधान मनसिकता है सबसे पहले हमें इसे बदलना है, हमें अपने घर, समाज में सकारात्मक सोच के साथ अच्छे संस्कार व एक बेहतर शिक्षा का माहौल बनाना है। इस दौरान जिलाध्यक्ष गणेश मेहरा, जिला मंत्री दीपेंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहरा, पर्यावरण मंच बी एम एस संयोजक पंकज बछेती, ब्रिटानिया श्रमिक संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, जीवन कोरंगा, नेस्ले मजदूर संघ के मुकेश पांडेय, निर्मल पाठक, उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के महामंत्री रूप सिंह, सतेन्द्र सिंह, मुकेश बेलवाल, साहिल राणा, आदित्य रावल, धीरज चन्द्र, लुकास टी वी एस मजदूर संघ के अध्यक्ष मनोहर सिंह मनराल, डेना इंडिया श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजीत चौहान, कुंदन सिंह, हेम चन्द्र, देवकी देवी, कल्पना सक्सेना, जगदीश अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**नये साल में धामी..** स्पीकर को दे चुकी है इसलिए अब सबकी नजरें विधेयक के सदन पटल पर पेश होने के दिन पर लगी है। बात अगर राज्य में लोकायुक्त नियुक्ति की करें तो लोकायुक्त संस्था का ढांचा तैयार करने के लिए नैनीताल उच्च न्यायालय का फरमान आ चुका है और सरकार ने इसके लिए कवायद शुरू भी कर दी है। यद्यपि धामी से पहले की त्रिवेंद्र सरकार लोकायुक्त बनाने से बचती रही थी, लेकिन धामी सरकार पर लोकायुक्त बनाने के लिए बड़ा दबाव है। ऐसे में नए साल में धामी सरकार उत्तराखंड लोकायुक्त बनाएगी या नहीं, इस प्रश्न के जवाब की सबको तलाश है। इसके अलावा लोगों की नजरे धामी मंत्रिमंडल के विस्तार पर भी लगी है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले कैबिनेट विस्तार की संभावना जताई जा रही है। सियासी रणनीति के हिसाब से सीएम धामी के अगले कदम का खासतौर पर भाजपा विधायकों को बेताबी से इंतजार है, क्योंकि मंत्रिमंडल में चार पद खाली हैं। कुल मिलाकर मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्री बनने से वंचित रह गए दावेदार विधायकों को साधना भी धामी के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। चुनौतियों के इस क्रम में उत्तराखंड में इसी वर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों के इस बड़े आयोजन को सफल बनाने का दबाव भी धामी सरकार पर होगा। चुनौतियों के पहाड़ को पार करने के इस अनुक्रम में धामी का सामना पिछले वर्ष हासिल किए गए वैश्विक निवेश के एमओयू की ग्राउंडिंग और 2024 तक उत्तराखंड को टीवी मुक्त बनाने की चुनौती से होगा। स्मरण रहे की उत्तराखंड की जीडीपी को अगले 5 सालों में दोगुना करने का लक्ष्य साधने के लिए सरकार निवेश को आकर्षित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। इस क्रम में वैश्विक निवेशक सम्मेलन आयोजित करके सरकार 3।54 लाख करोड़ के एमओयू कर चुकी है। अब सरकार के सामने इन सभी एमओयू की ग्राउंडिंग करने की बड़ी चुनौती है। साथ ही जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए धामी सरकार को वर्ष 2024 के अंत तक उत्तराखंड को टीबी मुक्त भी बनाना है क्योंकि राज्य को इस साल के अंत तक टीवी मुक्त बनाने का लक्ष्य स्वयं सीएम ने ही निर्धारित किया था। कुल मिलाकर राज्य में संवेदनशील मुद्दों के अनेक बड़े पहाड़, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की राजनीतिक सूझबूझ एवं प्रशासनिक कुशलता का इम्तिहान लेने के लिए तैयार खड़े हैं ।

**वाहन चालकों की हड़ताल..**- नये कानून को लेकर कालाढूंगी, बाजपुर, काशीपुर रूट पर चलने बाली प्राइवेट बसों के चालकों ने हड़ताल कर कानून को वापस लेने की मांग की। सोमवार को कालाढूंगी दा ट्रक फेलफेयर एसोसिएशन गुलजारपुर बंकी निगम के चालकों व मोटर मालिक के द्वारा हड़ताल कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध जताया। इस दौरान मोटर मालिक व चालकों का कहना था कि ड्राइवर हादसा होने के बाद मोटर छोडकर नहीं जाते हैं। लेकिन भीड़ से बचने के लिए वाहन छोड़कर जाना पड़ता है। जनाक्रोश के चलते चालकों की जान तक चली जाती है। ऐसे में सरकार को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि दुर्घटना के बाद नहीं भागने वाले ट्रक चालक को भीड़ के कोपभाजन से बचाने के लिए भी कारगर उपाय हों। उन्होंने कहा जैसा कि वर्तमान में चालक की थाने से जमानत हो जाती है और अधिकतम दो साल की सजा है। जबकि, संशोधित कानून में वाहन ड्राईवर को अधिकतम 10 साल की सजा और 7 लाख जुर्माने का नया कानून पारित किया गया है। इस कानून में संशोधन किया जाए। इस दौरान सचिव नदीम अहमद, वसीम, ओम प्रकाश,अली,नाजिम,चांद, फिरासत, साजिद, प्रेम, नजीर, दाऊद, मुस्तकिम, अमित, फिरसात,साबा,जग्गू , प्रेम सिंह, कसमीर, असरफ, सलीम, जुनेद, कपिल, आदि ट्रक मालिक मौजूद थे।

**थर्टी फस्ट के जश्न मे...** डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल व ज्वालापुर कोतवाल विजय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकरी ली। सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पता चला है कि विजयंत ने पहले दो राउण्ड हवाई फायरिंग की और उसके बाद खुद के गोली मार ली। हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

**ट्रक की टक्कर...** चिकित्सालय ले आये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दीपक यहां सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था तथा दो भाईयों में बड़ा था। घटना से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**गलत दवा के...** द्वारा बताया गया कि पूर्व में खाई गई दवाईयों के रिएक्शन से दोनो बच्चो की मृत्यु हुई है। धर्मेन्द्र का आरोप है कि जब उसने छानबीन की तो पता लगा कि उक्त क्लीनिक संचालिका पूर्व में भी गलत दवाई देकर कई केस खराब कर चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**भालू के हमले से ...** मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।साथ ही भालू के हमले की घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 31 दिसम्बर 2023 को तकनीकी खराबी के कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ। पाठकों को हुई असुविधा के लिये हमें खेद है।

– **सम्पादक**

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# मिलेट रेसिपी महोत्सव में सीईओ गदरपुर ने प्राप्त किया पुरस्कार

गदरपुर(उद संवाददाता)। समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड गदरपुर द्वारा अपने मल्टीग्रेन (मोटे अनाजों) से बने उत्पादों की प्रदर्शनी कृषि विभाग बदायूं उत्तर प्रदेश में आयोजित दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव कार्यक्रम में लगाई गई।इस महोत्सव में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा विधायक महेश चंद्र गुप्ता की मौजूदगी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।गदरपुर स्थित समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड गदरपुर की सीईओ सीमा रानी ने बताया कि बदायूं (यू. पी. )में दो दिवसीय चले समारोह में मिलेट्स रेसिपी का उद्घाटन सदर विधायक बदायूं महेश चंद्र गुप्ता द्वारा किया गया था, उन्होंने मिलेट्स महोत्सव रेसिपी के उत्कृष्ट उत्पादों के लिए सभी प्रतिभागी टीमों का धन्यवाद किया । सीमा रानी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा बनाए गए देसी घी से बने मल्टीग्रेन बिस्किट व रागी बिस्किट,मल्टीग्रेन आटा,चौलाई के लड्डू,ऑर्गेनिक गुड़,शक्कर , ज्वार,बाजरा,रागी एवं जौं आदि मोटे अनाजों का आटा सहित विभिन्न प्रकार के अचार का प्रदर्शन किया गया था जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके उत्पादों को उत्साह वर्धक एवं स्वास्थ्य वर्धक मानते हुए भरपूर प्रसंशा के साथ ही सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया । इसके पूर्व भी समिति पंतनगर विश्वविद्यालय से एक बार द्वितीय पुरस्कार एवं एक बार विशेष पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। समिति अध्यक्ष त्रिलोक चंद, बीओडी कुसुम रानी,रश्मि रावत,अमलेश कोरंगा ,विनोद कुमार,अशोक कुमार सहित अन्य सदस्यों द्वारा प्रशंसा की जा रही है ।दो दिवसीय कार्यक्रम में एफपीओ की सीईओ सीमा रानी के साथ रितिक कश्यप और दर्पण ठुकराल भी उपस्थित रहे।





# स्वास्थ्य केंद्रों के बाहर होगा चार दिवसीय धरना प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। ब्लॉक क्षेत्र में बिगड़ी अस्पतालों की व्यवस्था से रोषित आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने पत्रकार वार्ता के दौरान चार दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है । एक प्रतिष्ठान में आयोजित पत्रकार वार्ता में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि उनकी टीम द्वारा अस्पतालों के बाहर चार दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए 6 सूत्री मांगों के लिए जनसहयोग से आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी । उन्होंने बताया स्वास्थ्य केंद्र मात्र औपचारिक भूमिका निभाकर अधिकतर मरीजों को सुविधा न होने पर रेफर कर देते हैं । कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों के बाहर केला खेड़ा 3 जनवरी,गदरपुर 4 जनवरी, दिनेशपुर 5 जनवरी एवं गूलरभोज 6 जनवरी को धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के कानों में जनता की आवाज पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा,कांग्रेस सरकार के दौरान भाजपाई स्वास्थ्य केन्द्रो की व्यवस्था सुधारने के लिए प्रदर्शन करते थे अब भाजपा की सरकार आने पर नेता चुप हैं। उन्होंने अति शीघ्र स्वास्थ्य केंद्रों की दशा न सुधरने, विभिन्न रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती एवं अन्य सुविधाएं न होने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है ।



# श्री बद्री केदार सेवा मंडल के भंडारा सेवा का एक वर्ष पूर्ण

## आज सायं होगा शिव भजन संध्या और भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री बद्री केदार सेवा मंडल द्वारा पिछले एक वर्ष से भगत सिंह चौक पर किये जा रहे भंडारे की सेवा का एक वर्ष पूर्ण होने पर आज दोपहर भंडारे के आयोजन के साथ ही सायंकाल शिव भजन संध्या तथा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मंडल के सेवादारों ने बताया कि आज से एक वर्ष पूर्व श्री बद्री केदार सेवा मंडल द्वारा भगत सिंह चौक पर भंडारा प्रारम्भ किया गया था। जो अवनरत जारी रहा। उन्होंने बताया कि आज दोपहर नियमित रूप से भंडारा आयोजित हुआ । इसके पश्चात आज सायं भगत सिंह चौक पर शिव भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुरादाबाद, बरेली सहित कई अन्य शहरों से आमंत्रित भजन गायक कलाकार शिव महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया सायंकाल भंडारा भी आयोजित किया जायेगा। इस दौरान अशोक गुम्बर, हरबंस गुम्बर, जगदीश टंडन, सौरभ गाबा, सौरभ ग्रोवर, दीपक मुंजाल, राजेश गर्ग, हरीश मुंजाल, सुधीर अरोरा, गगन चौहान, अभिषेक चौहान, रोहित जग्गा, राजेन्द्र भाटिया, विनोद अनेजा, जगदीश गुम्बर, वेदान्त जुनेजा, राजू त्रिखा, प्रमोद शर्मा, गुरविन्दर सिंह आदि सेवादार सेवा में जुटे हुए हैं।







# दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का किया स्वागत

पंतनगर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ऊधम सिंह नगर द्वारा निगम सभागार में समारोह आयोजित कर नवनियुक्त मत्स्य अभिकरण के उपाध्यक्ष उत्तम दत्ता का अभिनंदन किया गया।इस अवसर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, तराई क्रांति संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष कमल श्रीवास्तव,डा.संजय श्रीवास्तव, कैलाश सक्सेना, मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अनूप दत्ता, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, नीरज सक्सेना,आशीष सक्सेना,



राम चंदर श्रीवास्तव ,धवल श्रीवास्तव, रमेश सिन्हा, श्रीमती बीना श्रीवास्तव,रवि कांत वर्मा आदि वक्ताओं ने उत्तराखंड सरकार में कायस्थ समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया।सभा मे श्री उत्तम दत्ता को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर मत्स्य अभिकरण के उपाध्यक्ष श्री उत्तम दत्ता ने आगंतुको का स्वागत करते हुए उत्तराखंड सरकार की लाभकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# भाजयुमो की बाइक रैली होगी ऐतिहासिक: मुनि भुसरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी के प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार वार्ता में चार जनवरी को आयोजित की जाने वाली बाइक रैली पर विचार विमर्श किया गया। भाजपा नेता अतुल पांडे ने बताया कि 4 जनवरी को भारतीय जनता युवा मोर्चा के माध्यम से होने वाली बाइक रैली की बैठक कर योजना बनाई जा रही है ।प्रेस वार्ता के दौरान मुनि भुसरी ने बताया कि ऐतिहासिक बाइक रैली में भारी संख्या में भाजयुमो के युवा कार्यकर्ताओं के साथ 1101 बाइक शामिल होंगी उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से शामिल होने की



अपील की है ।वार्ता में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने कहा कि आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं जिसमें तीसरी बार वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि जो युवक 18 वर्ष की उम्र पूर्ण करके पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे वे रैली में अवश्य शामिल हों ताकि उनका उत्साह वर्धन मतदान के प्रति बना रहे। बताया कि रैली अन्नपूर्णा राइस मिल सरदार नगर चक्की से मुख्य मार्ग होते हुए दिनेशपुर मोड़ स्थित कृष्णा पंप पर संपन्न होगी। उन्होंने सभी भाजपा के सभी संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से 4 जनवरी को रैली में शामिल होने की अपील की है । इस मौके पर चंकित हुड़िया, संतोष गुप्ता राकेश भुट्टी उपस्थित रहे।